फा.सं. 1704813/1/2022-मा. (समन्वय) (ई-21449)

भारत सरकार

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय

मत्स्यपालन विभाग

चंद्रलोक बिल्डिंग,
प्रथम तल, 36, जनपथ, नई दिल्ली
दिनांक 26 जून, 2023

**कार्यालय ज्ञापन**

विषयः **मत्स्यपालन विभाग द्वारा मई, 2023 माह के के दौरान किए गए प्रमुख गतिविधियों और महत्वपूर्ण निर्णयों का मासिक सार मंत्रिमंडल सचिवालय को परिचालित करने के संबंध में।**

अधोहस्ताक्षरी को उपर्युक्त विषय पर मंत्रिमंडल सचिवालय के दिनांक 19 अगस्त, 2019 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 1/26/1/2018-कैब का संदर्भ लेने और मई, 2023 माह के लिए मत्स्यपालन विभाग का मासिक सारांश परिचालित करने का निदेश हुआ है जिसमें की गई प्रमुख गतिविधियां,महत्वपूर्ण निर्णय और मंत्रिमंडल/मंत्रिमंडल समितियों के निर्णयों पर की गई कार्रवाई के संबंध में प्रगति सूचनार्थ संलग्न है।

यथोक्त: संलग्नक

(डॉ. एंसी मैथ्यू एनपी)
सहायक आयुक्त (मात्स्यिकी)

प्रति
मंत्रिमंडल के सभी सदस्य

**प्रतिलिपि**

1. मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली-110001 (ध्यानार्थ: श्री भास्कर दासगुप्ता, निदेशक)
2. प्रधान मंत्री के प्रधान सचिव
3. राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली
4. उपराष्ट्रपति के सचिव, 6, मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली
5. प्रेस सूचना अधिकारी, सूचना एवं प्रसारण मंत्री, शास्त्री भवन, नई दिल्ली
6. भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव
7. सलाहकार, कृषि कार्यक्षेत्र, नीति आयोग, नीति भवन, नई दिल्ली

**सूचना के लिए प्रतिलिपि:**

1. माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री के निजी सचिव
2. मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी के लिए माननीय राज्य मंत्री के निजी सचिव
3. सचिव, मात्स्यिकी के प्रधान निजी सचिव
4. अपर सचिव एवं वित्त सलाहकार के प्रधान निजी सचिव
5. मत्स्यपालन विभाग के संयुक्त सचिवों के प्रधान निजी सचिव
6. तकनीकी निदेशक, एनआईसी डीओएफ को विभाग की वेबसाइट पर संलग्न दस्तावेज अपलोड करने के अनुरोध के साथ।

**मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय में मई, 2023 के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय एवं प्रमुख उपलब्धियां**

1. माननीय मंत्री, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय (एमओएफएएच एंड डी), श्री परशोत्तम रूपाला ने 04-05-2023 को तिरुवनंतपुरम, केरल में मत्स्यपालन विभाग, केरल सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही योजनाओं और कार्यक्रमों की उपलब्धियों और महत्वपूर्ण गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने कोल्लम, केरल में माननीय मुख्यमंत्री, केरल की उपस्थिति में प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत पारंपरिक मछुआरों को गहरे समुद्र में मत्स्यन करने वाले जहाज भी वितरित किए।
2. माननीय मंत्री, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने 16-05-2023 को नई दिल्ली में मत्स्यपालन विभाग द्वारा संचालित और राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद द्वारा आयोजित किए जाने वाले मात्स्यिकी क्षेत्र पर 7 प्रमुख क्षेत्रीय अध्ययनों का शुभारंभ किया।
3. माननीय मंत्री, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी ने 17 से 19 मई 2023 के बीच रायगढ़ महाराष्ट्र से कैनाकोण , गोवा तक सागर परिक्रमा कार्यक्रम चरण-V का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान, माननीय मंत्री और केंद्रीय टीम ने मछुआरों के साथ बातचीत की, और मछुआरों और मत्स्य किसानों को  पीएमएसएसवाई, किसान क्रेडिट कार्ड, क्यूआर कोडित आधार कार्ड और ई- श्रम कार्ड के तहत लाभ और पुरस्कार वितरित किए। सागर परिक्रमा के उद्घाटन समारोह में लगभग 2300 लोग शामिल हुए।
4. माननीय मंत्री, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी, श्री परशोत्तम रूपाला ने 29.05.2023 को पानीघाट में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में सागर परिक्रमा के चरण-VI के कार्यक्रम का संचालन भी किया और पीएमएमएसवाई के लाभार्थियों के साथ बातचीत की और मछुआरों को पीएमएमएसवाई के तहत किसान क्रेडिट कार्ड और लाभ वितरित किए। कार्यक्रम में 600 से अधिक प्रतिभागियों और अन्य 1000 मछुआरों ने वर्चुअल मोड में भाग लिया।
5. माननीय राज्य मंत्री, मत्स्यपालन, पशुपलन और डेयरी, डॉ. एल. मुरुगन ने 12-05-2023 को गुवाहाटी, असम का दौरा किया और माननीय मत्स्यपालन मंत्री, असम सरकार और असम सरकार अधिकारियों के साथ असम में मात्स्यिकी विकास के विषय पर चर्चा की।
6. विभाग ने देश में नई प्राथमिक मात्स्यिकी सहकारी समितियों की स्थापना और मौजूदा समितियों को मजबूत करने के लिए कार्य योजना को अंतिम रूप दिया।
7. विभाग ने 12-05-2023 को नई दिल्ली में आयोजित तटीय जल कृषि प्राधिकरण (संशोधन) विधेयक, 2023 की जांच के लिए कृषि, पशुपालन और डेयरी, मत्स्यपालन और खाद्य प्रसंस्करण पर संसदीय स्थायी समिति की बैठक में भाग लिया और साक्ष्य दिए।

8. विभाग ने 2024-25 तक 1 लाख करोड़ रुपये के मात्स्यिकी निर्यात के लक्ष्य को पूरा करने के लिए योजना को अंतिम रूप दिया।

9. सचिव मत्स्यपालन ने भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र (आईएनसीओआईएस), हैदराबाद का दौरा किया और मात्स्यिकी क्षेत्र में समुद्र से संबंधित सेवाओं के विस्तार की संभावनाओं पर आईएनसीओआईएस, हैदराबाद के निदेशक और वैज्ञानिकों के साथ चर्चा की।

10. विभाग ने 22 से 26 मई, 2023 के दौरान न्यूयॉर्क, संयुक्त राज्य अमेरिका में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में स्टैंडलिंग फिश स्टॉक और अत्यधिक प्रवासी मत्स्य स्टॉक के संरक्षण और प्रबंधन से संबंधित समुद्री कानून पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन के प्रावधानों के कार्यान्वयन के लिए समझौते पर समीक्षा सम्मेलन में भाग लिया। विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) (मात्स्यिकी) ने सम्मेलन में भाग लिया और भारत के विचार प्रस्तुत किये।

11. विभाग ने मॉरीशस में 8 से 12 मई, 2023 के दौरान हिंद महासागर टूना आयोग (आईओटीसी) के 27 वें सत्र में भाग लिया।

12. विभाग ने 23 से 25 मई, 2023 तक कुआलालंपुर, मलेशिया में आयोजित एशिया क्षेत्र के लिए मात्स्यिकी सब्सिडी पर विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की तकनीकी कार्यशाला में भाग लिया ।

13. माह के दौरान विभाग ने मानकीकरण परीक्षण और गुणवत्ता प्रमाणन (एसटीक्यूसी) प्रमाणपत्र हासिल किया है और 2022-23 की तीसरी तिमाही के लिए डेटा गवर्नेंस गुणवत्ता सूचकांक 3.26 से बढ़कर 4.06 हो गया है।

14. 43वीं, 44वीं, और 45वीं परियोजना मूल्यांकन समिति (पीएसी) की बैठकें 12, 22 और 23 मई, 2023 को आयोजित की गईं और 1479.29 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ तेरह राज्यों और पांच केंद्र शासित प्रदेशों मध्य प्रदेश असम और पांच केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) अर्थात् जम्मू और कश्मीर, अंडमान और निकोबार, पुडुचेरी, लक्षद्वीप और लद्दाख के प्रस्तावों को मंजूरी के लिए अनुशंसित किया गया था।

15. राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड (एनएफडीबी) ने मई, 2023 के दौरान 07 प्रशिक्षण और जागरूकता गतिविधियाँ और 29 आउटरीच गतिविधियाँ आयोजित कीं, जिसमें क्रमशः 4,375 और 82,230 व्यक्तियों को शामिल किया गया।

16. माह के दौरान तटीय जलकृषि प्राधिकरण (सीएए) ने फार्मों के पंजीकरण और नवीनीकरण के लिए 354 आवेदनों और एंटीबायोटिक फ्री एक्वा इनपुट के लिए अनुपालन प्रमाणपत्र जारी करने के लिए 82 आवेदनों पर कार्रवाई की।

17. सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ फिशरीज नॉटिकल एंड इंजीनियरिंग ट्रेनिंग (सिफनेट) ने पुडुचेरी में मूर्तिकुप्पम-पुदुकुप्पम मत्स्यन गांव और पन्निथिट्टु गांव में नदी के मुहाने के स्थिरीकरण के लिए पूर्व-व्यवहार्यता अध्ययन किया।

18. सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ फिशरीज नॉटिकल एंड इंजीनियरिंग ट्रेनिंग (सिफनेट) ने 130 मछुआरों के लिए 02 मछुआरे विस्तार प्रशिक्षण कार्यक्रम और 01 मछुआरा इन-हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया।

19. भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण (एफएसआई) के तीन (3) मत्स्यन जहाजों ने भारतीय विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) के अंदर और आसपास मात्स्यिकी संसाधनों और समुद्री स्तनपायी सर्वेक्षण कार्यक्रम के लिए खोजपूर्ण सर्वेक्षण कार्यक्रम चलाए और संचालित किया। एफएसआई के महानिदेशक और वैज्ञानिकों ने 02-05-2023 को विश्व ट्यूना दिवस के अवसर पर बंगाल की खाड़ी कार्यक्रम (बीओबीपी) चेन्नई द्वारा आयोजित "बंगाल की खाड़ी (बीओबी) क्षेत्र में टूना मात्स्यिकी: राष्ट्रीय क्षेत्राधिकार (बीबीएनजे) शासन से परे बदलती जलवायु और जैव विविधता के तहत उभरती चुनौतियां" विषय पर पैनल चर्चा में भाग लिया।

20. नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फिशरीज पोस्ट हार्वेस्ट टेक्नोलॉजी एंड ट्रेनिंग (निफेट) ने माह के दौरान 718 प्रशिक्षु दिनों में 91 समुद्री मछुआरे महिलाओं/पुरुषों के लिए पोस्ट-हार्वेस्ट प्रबंधन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया।

21. सार्वजनिक शिकायतें: मत्स्यपालन विभाग के लिए सीपीजीआरएएमएस पोर्टल के तहत शिकायत निपटान 31-05-2023 तक 98% था।

***